Alberta

समाचार विज्ञपति

अलबर्टा के सीनियर्ज़ का जश्न मनाने की एक चौथाई सदी

28 अगस्त, 2023 मीडिया पूछताछ

2023 के मनिस्टर के सीनियर्ज़ सेवा पुरस्कारों के लिए नामांकन आधिकारिक तौर पर खुले हैं।

25 वर्षों से, इन पुरस्कारों ने व्यक्तियों, व्यवसायों और गैर-लाभकारी संगठनों को मान्यता दी है जो सीनियर्ज़ का समर्थन करते हैं, बेहतर सेवाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं और मजबूत समुदायों में योगदान करते हैं।

“हमारे प्रांत भर के बुज़ुर्ग गरिमा और सम्मान के साथ जीवंत जीवन जीने के पात्र हैं। हम उन स्थानीय नायकों और सहायकों को मान्यता देना चाहते हैं जो बुज़ुर्गों की सहायता के लिए अपना समय और ऊर्जा समर्पित करते हैं। ये लोग हमारे समुदायों, हमारे कार्यस्थलों और यहां तक कि हमारे ब्लाक में भी हैं। वे किराने का सामान पहुंचाते हैं, बुज़ुर्गों को उनकी अपौइंटमेंटों तक पहुंचने में मदद करते हैं, हमारे समुदायों को और अधिक सुलभ बनाते हैं और भी बहुत कुछ करते हैं।”

जेसन निक्सन, सीनियर्ज़, समुदाय और सामाजिक सेवा मंत्री

व्यक्तियों, व्यवसायों और गैर-लाभकारी संगठनों को नौ पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। नामांकन का मूल्यांकन स्वैच्छिकता, परोपकार, नवाचार और उत्कृष्ट सेवा के आधार पर किया जाता है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। चयनित प्राप्तकर्ताओं का जश्न मार्च 2024 में एक व्यक्तिगत समारोह में मनाया जाएगा।

"जब हमारे समुदाय के वृद्ध लोगों की सेवा करने और उनके साथ काम करने की बात आती है तो यूनिसन का इतिहास आधी सदी पुराना है। हम जानते हैं कि इस महान प्रांत की समग्र सफलता और खुशहाली के लिए बुज़ुर्ग कितने अधिक महत्वपूर्ण हैं। हमें बेहद ख़ुशी है कि अलबर्टा सरकार उन असाधारण बुज़ुर्गों को पहचानने और उनकी सराहना करने के लिए समय निकाल रही है जिन्होंने पूर्व धारणाओं को चुनौती दी है और वास्तव में दूसरों के जीवन में बदलाव लाया है।"

लैरी मैथिसन, प्रेज़िडेंट और सीईओ, यूनिसन

“बुज़ुर्ग लोग हमारे प्रांत की जीवंतता और भविष्य के लिए आवश्यक हैं। यूनाइटेड वे, हेल्दी एजिंग अल्बर्टा - जो कि बढ़ती उम्र के लोगों के लिए अल्बर्टा को दुनिया में सबसे अच्छी जगहों में से एक बनाने के लिए बुज़ुर्गों की सेवा करने वाली एजेंसियों, सहयोगियों और स्वयं बुज़ुर्गों का एक समुदाय है, पर अल्बर्टा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। हम इस वर्ष के पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित करने और सभी के लिए बेहतर कल की दिशा में मिलकर काम करना जारी रखने के लिए तत्पर हैं।''

कैरन यंग, प्रेज़िडेंट और सीईओ, यूनाइटेड वे ऑफ कैलगरी एंड एरिया

महत्वपूर्ण तथ्य

- अल्बर्टा वासी मेल और ईमेल के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन जमा कर सकते हैं। अधिक जानें और आज ही किसी को नामांकित करें।
- 1998 से, मनिस्टर के सीनियर्ज़ सेवा पुरस्कारों ने 181 व्यक्तियों और गैर-लाभकारी संगठनों को सम्मानित किया है जो बुज़ुर्गों की सेवा करते हैं।

संबंधित जानकारी

- मनिस्टर के सीनियर्ज़ सेवा पुरस्कार

मीडिया पूछताछ

हैदर बारलो

780-245-0421
प्रेस सचिव, सीनियर्ज़, समुदाय और सामाजिक सेवाएँ